# Hanuman Bhajan List | हनुमान जी के भजन

## Hanuman Bhajan Lyrics



## 1. दुनिया रचने वाले को भगवान कहते है लिरिक्स -Duniya Rachne Wale Ko Bhagwan Kehte Hain Lyrics

### दुनिया रचने वाले को भगवान कहते है लिरिक्स

दुनिया रचने वाले को भगवान कहते है,
संकट हरने वाले को हनुमान कहते है |

हो जाते है जिसके अपने पराये
हनुमान उसको कंठ लगाये,
जब रूठ जाये संसार सारा
बजरंग बलि तब देते सहारा ,
अपने भक्तो का बजरंगी मान करते है
संकट हरने वाले को हनुमान कहते है|

दुनिया में काम कोई ऐसा नहीं है
हनुमानजी के जो बस में नहीं है,
जो चीज मांगो पल में मिलेगी

झोली ये खाली खुशियों से भरेगी ,
सच्चे मन से जो भी इनका ध्यान करते है
संकट हरने वाले को हनुमान कहते है |

कट जाये संकट इनकी शरण में
बैठ के देखो बजरंग के चरण में ,
भक्त की बातो को झूठ मत मानो
फिर ना फसोंगे तुम जीवन मरण में ,
इनके सिने में सदा सियाराम रहते है
संकट हरने वाले को हनुमान कहते है |

Bhakti Bhajan Song Details
Song :- Duniya Rachne Wale Ko Bhagwan Kehte Hain

## 2. हनुमान तुम्हारा क्या कहना भजन लिरिक्स - HanumanTumhara Kya kehna Bhajan Lyrics

### हनुमान तुम्हारा क्या कहना भजन लिरिक्स

कलयुग में सिद्ध हो देव तुम्ही
हनुमान तुम्हारा क्या कहना
तेरी भक्ति का क्या कहना
तेरी शक्ति का क्या कहना

सीता खोजकरी तुमने
सात समुंदर पार गये
लंका को किया शमशान प्रभु
बलवान तुम्हारा क्या कहना
तेरी भक्ति का क्या कहना..

जब लक्षमणजी को शक्ति लगी
तुम धौलागिर पर्वत लाये
लक्ष्मण को बचाए आ करके
तब प्राण तुम्हारा क्या कहना
तेरी भक्ति का क्या कहना..

तुम भक्त शिरोमणि हो जग में
तुम वीर शिरोमणि हो जग में
तेरे रोम रोम में बसते है
सियाराम तुम्हारा क्या कहना
तेरी भक्ति का क्या कहना..

कलयुग में सिद्ध हो देव तुम्ही

हनुमान तुम्हारा क्या कहना
तेरी भक्ति का क्या कहना
तेरी शक्ति का क्या कहना

हनुमान तुम्हारा क्या कहना भजन लिरिक्स - HanumanTumhara Kya kehna Bhajan Lyrics

Bhakti Bhajan Song Details
Song :- HanumanTumhara Kya kehna

Singer:- Lakhbir Singh Lakkha

Lyrics :- Lakhbir Singh Lakkha

## 3. जय हो जय हो तुम्हारी जी बजरंग बली लिरिक्स - Jai Ho Jai Ho Tumhari ji Bajarangbali Lyrics

### जय हो जय हो तुम्हारी जी बजरंग बली लिरिक्स

जय हो जय हो तुम्हारी जी बजरंग बली
लेके शिव रूप आना गजब हो गया
त्रेतायुग में थे तुम आये द्वापर में भी
तेरा कलयुग में आना गजब गो गया

बचपन की कहानी निराली बड़ी
जब लगी भूख हनुमत मचलने लगे
फल समझ कर उड़े आप आकाश में
तेरा सूरज को खाना गजब हो गया

कूदे लंका में जब मच गयी खलबली
मारे चुनचुन कर असुरो को बजरंगबली
मारडाले अच्छो को पटककर वही
तेरा लंका जलाना गजब हो गया

आके शक्ति लगी जो लखनलाल को
राम जी देख रोये लखनलाल को
लेके संजीवन बूटी पवन वेग से
पूरा पर्वत उठाना गजब हो गया

जब विभीषण संग बैठे थे श्री राम जी
और चरनो में हाजिर थे हनुमान जी
सुन के ताना विभीषण का अंजनी के लाल
फाड़ सीना दिखाना गजब हो गया

जय हो जय हो तुम्हारी जी बजरंग बली
लेके शिव रूप आना गजब हो गया
त्रेतायुग में थे तुम आये द्वापर में भी
तेरा कलयुग में आना गजब गो गया

Jai Ho Jai Ho Tumhari ji Bajarangbali Bhajan

Shree Hanuman ji ke Bhajan

Bhajan Lyrics In Hindi

Bhakti Bhajan Song Details
Song :- Jai Ho Jai Ho Tumhari ji Bajarangbali

Singer:-

Lyrics :-

ऐसे ही सुन्दर भजन आप निचे दी गयी सूचि में देख सखते है

# 4. आ लौट के आजा हनुमान तुम्हे श्री राम बुलाते है भजन लिरिक्स - Aa Laut Ke Aaja Hanuman Tumhe Shri Ram Bulate Hai Bhajan Lyrics

## आ लौट के आजा हनुमान तुम्हे श्री राम बुलाते है भजन लिरिक्स

https://youtu.be/fbkhOPljtNo

आ लौट के आजा हनुमान
तुम्हे श्री राम बुलाते है
लक्ष्मण के बचा ले तू प्राण
तुम्हे श्री राम बुलाते है
आ लौट के आजा हनुमान
तुम्हे श्री राम बुलाते है

गए पवन सूत लाने संजीवन
अब तक क्यों नही आये
सेनापति सुग्रीव पुकारे
नर बानर घबराये
सब लोग भये सुनसान
तुम्हे श्री राम बुलाते है
आ लौट के आजा हनुमान

तुम्हे श्री राम बुलाते है

कभी तडपते कभी बिलखते
जीभर के प्रभु रोते
आये लखन तुम
अपनी माँ के हो इकलौते बेटे
यु रुदन करत है महान
तुम्हे श्री राम बुलाते है
आ लौट के आजा हनुमान
तुम्हे श्री राम बुलाते है

बीत गयी सब रैन
घडी रही ना एक पल भी बाकि
देख देख के राह तुम्हारी
बैरन अंखिया तांकि
कहि उदय ना हो जाये घात
तुम्हे श्री राम बुलाते है
आ लौट के आजा हनुमान
तुम्हे श्री राम बुलाते है

रात समय हनुमान संजीवन
ले सेना में आये झूमर लाली
धन्य बजरंगी लक्ष्मण प्राण बचाए
तब जाग उठे बलवान
तुम्हे श्री राम बुलाते है
आ लौट के आजा हनुमान
तुम्हे श्री राम बुलाते है

आ लौट के आजा हनुमान
तुम्हे श्री राम बुलाते है
लक्ष्मण के बचा ले तू प्राण
तुम्हे श्री राम बुलाते है
आ लौट के आजा हनुमान
तुम्हे श्री राम बुलाते है

## 5. कैसे आयेंगे हनुमान हमने दिल नही बुलाया लिरिक्स - Kaise Aayenge Hanuman Hum Ne Dil Se Nahi Bulaya Lyrics

### कैसे आयेंगे हनुमान हमने दिल नही बुलाया लिरिक्स

कैसे आएंगे हनुमान कैसे आएंगे हनुमान
हमने दिल नही बुलाया कैसे आयेंगे हनुमान

लड्डू भोग नही लगाया क्या खायेंगे हनुमान
हमने दिल नही बुलाया कैसे आयेंगे हनुमान
कैसे आएंगे हनुमान कैसे आएंगे हनुमान

पवन पुत्र है पवन वेग से
इधर उधर वो रमते है
अंजनी लाल की लीला अपरम
राम राम बस जपते है
हमने श्रद्धा नही जगायी
कैसे आएंगे हनुमान
लड्डू भोग नही लगाया क्या खायेंगे हनुमान
हमने दिल नही बुलाया कैसे आयेंगे हनुमान
कैसे आएंगे हनुमान कैसे आएंगे हनुमान

मैया सीता के है दुलारे
जग में पूजे जाते है
संकट मोचक नाम है उनका
हर दिल को वोह भाते है
हमने मन में नही बसाया
कैसे आयंगे हनुमान
लड्डू भोग नही लगाया क्या खायेंगे हनुमान
हमने दिल नही बुलाया कैसे आयेंगे हनुमान
कैसे आएंगे हनुमान कैसे आएंगे हनुमान

लाल रोर के लाल रंग से
रंगे  हमेशा रहते है
श्रद्धा के प्यासे हनुमत है
गदा साथ ले चलते है
अपना आंगन नही सजाया
कहाँ बैठेंगे हनुमान
लड्डू भोग नही लगाया क्या खायेंगे हनुमान
हमने दिल नही बुलाया कैसे आयेंगे हनुमान
कैसे आएंगे हनुमान कैसे आएंगे हनुमान

Hum Ne Dil Se Nhi Bulaya Kaise Aayenge Hanuman Lyrics

Kaise Aayenge Hanuman Lyrics in Hindi